आयुक्त एवं निदेशक उद्योग

(ओ०डी०ओ०पी० प्रकोष्ठ) उत्तर प्रदेश

निर्यात भवन , द्वितीय तल , 8 कैन्ट रोड , कैसरबाग़ , लखनऊ 226001
टेली / फैक्स: +91-522-2202893
e-mail – odopcell@gmail.com Website: www.odopup.in

प्रेस विज्ञप्ति

उ0प्र0 सरकार द्वारा "एक जनपद एक उत्पाद" कार्यक्रम के अन्तर्गत "सामान्य सुविधा केन्द्र प्रोत्साहन योजना" प्रारम्भ की गई है जिसके अन्तर्गत जनपद विशेष हेतु चिन्हित ओ0डी0ओ0पी0 उत्पाद के उत्पादन से लेकर विपणन तक के समस्त अवयवों यथा कच्चा माल, डिजाइन, उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता सुधार, अनुसंधान एवं विकास, पर्यावरण एवं उर्जा संरक्षण तथा पैकेजिंग आदि से संबन्धित सुविधाओं के विकास हेतु जनपदों में सामान्य सुविधा केन्द्रों (CFC) की स्थापना की जायेगी।

सामान्य सुविधा केन्द्रों की स्थापनार्थ संस्थाओं से अभिरूचि ज्ञापन (Expression of Interest - EOI) आमंत्रित हैं। संस्था अपना अभिरूचि ज्ञापन सम्बन्धित जनपद के उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र कार्यालय में जमा कर सकते हैं। योजना के सम्बन्ध में समस्त जानकारी जनपद के जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र कार्यालय अथवा ओ0डी0ओ0पी0 की website - www.odopup.in से प्राप्त की जा सकती है।

(आर० के० सिंह)
अपर आयुक्त उद्योग
ओ०डी०ओ०पी० प्रकोष्ठ
लखनऊ

Website : www.upgov.nic.in
UPID-138456 DATE-15.02.19